हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–197 : जौनपुर, शनिवार 08 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में कानून का राज : अपराधियों की पैंट गीली होते देख रही जनता –सीएम योगी

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरक्षनगरी में अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पेप्सिको का प्लांट लगने से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा, इसके अलावा कइयों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। गोरखपुर में इतने प्लांट लग रहे हैं कि अब युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध कम हो गए हैं। यहां पुलिस का राज चल रहा है, वहीं कानून के डर से अपराधियों की पैंट गीली हो जा रही है। उन्होंने कहा कि एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्युमेबल गुड्स) का बड़े प्लांट लगने से रोजगार के साथ ही छोटी आपूर्तिकर्ता कंपनियों, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर का विस्तार होगा। कंपनी गोरखपुर के अलावा प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाएगी। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इस निवेश के धरातल पर आने से 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलेगा। गीडा की तरफ से औद्योगिक गलियारे में इसके लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। छह वर्षों में बदल गई गोरखपुर की छवि सीएम ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी और गोरखपुर विकास व सुशासन के जिस नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा



है, उसमें प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका है। इसी का परिणाम है कि देश में यूपी और गोरखपुर की छवि बदली है। योगी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन व बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर पहले उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, यहां की छवि, बिजली, सड़कें, संपर्क माध्यम की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई निवेश नहीं करना चाहता था। गोरखपुर के नाम से लोगों में भय होता था, लेकिन पिछले छह वर्षों में गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बरकरार रखने और अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है।

## 50 कोरोना संक्रमित मिले तीन भर्ती : जिले में सक्रिय केसों की संख्या 161 पर पहुंची

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में कोरोना के 50 नए मरीज मिले। इस साल एक दिन में पहली बार इतने केस मिले। इनमें से तीन को भर्ती भी कराना पड़ा। इसके साथ सक्रिय केसों की संख्या 161 पहुंच गई है। सीएमओ मनोज अग्रवाल ने बताया कि सबसे अधिक 12 संक्रमित सरोजनीनगर से मिले। आलमबाग व एके रोड इलाके में आठ–आठ लोग कोरोना की जद में आए। सिल्वर जुबली में सात पॉजिटिव मिले। चिनहट व इंदिरानगर में चार–चार संक्रमित निकले। अलीगंज, माल और रेडक्रॉस में दो–दो मरीज मिले। ऐशबाग, कैसरबाग व गुडंबा में एक–एक केस सामने आया। केजीएमयू में भर्ती संक्रमितों में एक बच्चा व बुजुर्ग है। वृद्ध को कई गंभीर बीमारियों के बाद लाया गया था। जांच में कोविड की भी पुष्टि हुई। लोकबंधु अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग पैर में फैक्चर की वजह से अस्पताल आए थे। जांच में पॉजिटिव निकले। 520 वेंटिलेटर की व्यवस्था कोविड से निपटने के लिए सरकारी व निजी संस्थानों में 520 वेंटिलेटर हैं। इसके अलावा करीब चार हजार बेड के इंतजाम हैं। आईसीयू में 658 बेड हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लेवल दो व तीन के अस्पताल




तैयार कर लिए हैं। अति गंभीर मरीजों को लेवल तीन में भेजा जाएगा, जिनमें पीजीआई, केजीएमयू है। लोकबंधु अस्पताल लेवल दो ग्रेड में है। यहां ऑक्सीजन सपोर्ट संग 10 बेड की वेंटिलेटर यूनिट तैयार है। पीजीआई में सभी वेंटिलेटर बेड हैं। चार बेड बच्चों के लिए होंगे। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत ने बताया कि सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है। 28 ऑक्सीजन प्लांट चल रहे हैं। 1086 ऑक्सीजन सिलेंडर सरकारी अस्पतालों में हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने के लिए रैपिड रिस्पांस टीमों की संख्या 39 से 60 कर दी है। जरूरत पर संख्या और बढ़ाई जाएगी। मरीज के संपर्क में आए 50 लोगों की जांच कराई जाएगी।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजाकला कंपोजिट विद्यालय सिद्धिकपुर विकासखंड करंजकला के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली के तहत शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर बच्चों ने अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान के बैनर के पीछे जागरूकता का संदेश




स्लोगन लेकर बाजे के साथ सिद्दीकपुर स्थित काशीराम आवास कॉलोनी, चौहान बस्ती, मुस्लिम बस्ती आदि क्षेत्रों में भ्रमण किए।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैदेही सखी ने घर–घर जाकर छोटे बड़े बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत, शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक से नामांकन हो जिसके लिए अभिभावकों से स्कूल भेजने की अपील करते हुए नजर आई। इस मौके पर सहायक अध्यापिका मनभावती वर्मा ,सुनीता यादव ,मधुलता यादव ,विजय नंदिनी ,कादंबरी, तरुण कुमार यादव ,इंदु प्रकाश यादव समेत विद्यालय के बच्चे जागरूकता अभियान रैली में शामिल हुए।

## अधेड़ की लाठी–डंडे से पीटकर हत्या : आरोपी की तलाश जारी

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र में सदर कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव में शनिवार को जमीन विवाद में मनबढ़ों ने लाठी–डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। कैथी गांव निवासी नन्द कुमार का जमीन को पड़ोसी गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। इसी विवादित भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल को दूसरे पक्ष के लोग काट रहे थे। आरोप है कि नन्द कुमार ने उन्हें गेहूं काटने से मना किया तो विपक्षियों ने लाठी–डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में नन्द कुमार के सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शोर गुल सुनकर अन्य लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर सदर कोतवाल मनोज कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नन्द कुमार के पुत्र अनिल ने तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## यहीं से तय होता है भारत का मानक समय : लंकेश्वर रावण ने यहीं से की थी ज्योतिष की गणना

मिर्जापुर ब्यूरो : भारत का मानक समय विंध्याचल से ही लिया जाता है। यह युवाओं के साथ ही इधर से गुजरने वाले दर्शनार्थियों को भी आकर्षित कर रहा है। यहां सेल्फी पॉइंट बनाने के बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2007 में भूगोल वेदों के एक दल ने यहां पहुंचकर विंध्याचल के अमरावती चौराहे के पास स्थित स्थल को मानक समय चिन्हित किया था। लंकाधिपति रावण भी अपनी ज्योतिष गणित की गणना के लिए विंध्याचल आता था। तब से लेकर अब तक विन्ध्य धरा का अमरावती चौराहे के पास का स्थल भारत का मानक समय रहा है। यह स्थान भारत की प्रधान मध्यान्ह रेखा 82.5 पूर्वी देशांतर पर स्थित है। जिला प्रशासन की ओर से इस स्थान को सुंदरीकरण करते हुए पर्यटन स्थल के रूप में सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया है। बोर्ड पर सूर्य एवं पृथ्वी की दूरी तथा व्यास आदि सहित भारतीय आध्यात्मिक जगत में इस स्थान के महत्व को दर्शाया गया है। विंध्याचल के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित एवं धर्म गुरु पंडित त्रियोगी नारायण मिश्र ने बताया कि कि विन्ध्य धरा को मां बिंदुवासिनी का दरबार भी कहते हैं। महारानी मां बिंदुवासिनी अपने संपूर्ण कलाओं के साथ यहां विद्यमान हैं। बिंदु के बिना एक छोटी रेखा भी नहीं खींची जा सकती और मां बिदुवासिनी की कृपा के बिना सृष्टि की रचना नहीं हो सकती थी। रावण भी अपनी ज्योतिष गणना के लिए समय यही से लिया करता था। यही नहीं रावण ने यहां मां के मंदिर के समीप शिवलिंग की स्थापना की थी। जिसे बिंदेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। जो आध्यात्मिक जगत के मानक समय का सूचक भी है। सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र विंध्याचल के अमरावती चौराहा परिवर्तन नाम अटल बिहारी वाजपेई चौराहा के पास स्थित अस्थल को मानक समय के स्थल को चिन्हित किया गया था। भारत का मानक समय ( इंडियन स्टैंडर्ड्स टाइम्स ) विंध्याचल से लिया जाता है। सटीक भौगोलिक स्थिति के खोजकर्ता साइंज पाल्युराइजेशन एसोसिएशन आफ कम्यूनिकेटस एंड एजूकेशन द्वारा इस स्थान को जिला प्रशासन की ओर से चौत्र नवरात्र के दौरान सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया। देश के कोने कोने से आने वाले श्रद्धालु अपितु विदेशों से भी श्रद्धालु देवी धाम में दर्शन पूजन करने के पश्चात सेल्फी लेने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंचे।


## ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत मजदूर पंचायत सम्मेलन में कही बड़ी बात

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत कर्मचारियों को ऊर्जा परिवार का अभिन्न अंग बताया। कहा कि परिवार के उत्सव में परिवार के मुखिया के रूप में ऊर्जा मंत्री का शामिल होना जरूरी था। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत मजदूर पंचायत सम्मेलन में विद्युत कर्मियों का बेवजह उत्पीड़न न होने का दिया आश्वासन। ऊर्जा मंत्री ने मा0 उच्च न्यायालय एवं प्रदेश सरकार के नीतिगत निर्णयों के आधार पर ही हड़ताल के दौरान चिन्हित विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होने को कहा। सभी विद्युत कर्मी ऊर्जा परिवार के हैं अभिन्न अंग, आपसी संवाद से समस्याओं का होगा निदान। सभी एक साथ मिलकर जनता की सेवा करें। विद्युत कर्मियों की जायज व सार्थक मांगों पर सरकार करेगी विचार और उनके कार्यों से उन्हें सम्मानपूर्ण जीवन जीने का मिलेगा अवसर। कोई भी विद्युत कर्मी विद्युत व्यवधान करने का प्रयास न करे और जनजीवन को प्रभावित न होने दे। विद्युत व्यवधान करके जनता को बेवजह परेशान करना महापाप है। ऐसा घोर पाप न करें। विद्युत आपूर्ति जीवन का आधार बन गई है एवं हर किसी के लिए बहुत आवश्यक है। विद्युत व्यवधान किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं। जिस डाल पर बैठे हो, उसी डाल को कटोगे, तो कभी भी सुखी नहीं रहोगे। विद्युत विभाग के ऊपर 82 हजार करोड़ रुपये का लोन है और 01 लाख करोड़ रुपये का घाटे में है। ऐसे में ऋण लेकर घी पीना विद्युत कर्मियों की सेहत के लिए ठीक नहीं होगा। विभाग घाटे में होने से किसी को भी कोई फायदा नहीं होगा। विद्युत विभाग को लाभ की श्रेणी में लायें और अपनी जायज व सार्थक मांगों के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनायें। विद्युत आपूर्ति बहुत ही महत्वपूर्ण सेवा, भविष्य में कभी भी विद्युत व्यवधान करने का दुष्साहस न किया जाये, यही अपील। हड़ताल के दौरान दुष्साहस ऐसा रहा कि विद्युत व्यवधान के लिए जानबूझकर राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और यहां तक कि मा0 उच्च न्यायालय में इस संबंध में पीआईएल दाखिल करने वाले वकील के घर की भी बिजली काटी गई। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा विद्युत कर्मियों की मृत्यु, विद्युत दुर्घटनाओं में हो रही, जो कि काफी पीड़ादायक





है। नई तकनीक का सहारा लेकर इस आकस्मिक मृत्यु को रोकने की समस्या का समाधान किये जाने के प्रयास हों। विद्युत कर्मियों के ऊपर गलती से व जानबूझकर की गई कार्रवाइयों की जांच कराकर दूर किया जायेगा। विद्युत कर्मी देश, समाज एवं लोगों की सेवा के लिए अपने दायित्वों के निर्वहन में कहीं पर भी चूक न करें। सभी कार्मिकों की सुख–सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा और उनकी विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। सरकारी कर्मचारियों की भांति विद्युत कर्मियों को भी कैसलेस इलाज की सुविधा मिले, उनकी एसीपी की विसंगतियां दूर हों, सभी संविदा कर्मियों के मानदेय में एकरूपता आए, विद्युत कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु पर उनकी क्षतिपूर्ति को 05 लाख रुपये से बढ़ाने, विद्युत कर्मियों को भी बीमा का लाभ मिले। इन सभी मामलों पर विचार करके कर्मियों के हित में निर्णय लिया जायेगा। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के साथ 03 दिसम्बर, 2022 को हुए समझौते के कुछ बिन्दुओं को पूरी तरह से लागू करना संभव नहीं। ऊर्जा मंत्री ने विगत एक वर्षों में विद्युत कर्मियों द्वारा विभाग हित में किये गये कार्यों व परिश्रम की सराहना की गई और कहा कि उनकी बदौलत आज विद्युत इकाइयां 08 प्रतिशत की ज्यादा पीएलएफ क्षमता से कार्य कर रहीं। विभाग के एटीएस लॉस में 05 प्रतिशत की कमी आयी, जो कि पहले 31 प्रतिशत थी। राजस्व वसूली में भी वृद्धि हुई है और बिजली उत्पादन भी 13.39 प्रतिशत बढ़कर 39691 मिलियन यूनिट हुआ है, जो कि प्रशंसनीय है।

## 19 अप्रैल से तीन दिवसीय तुलसी जन्मभूमि में आयोजित होगा पंचम विश्व तुलसी सम्मेलन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास तथा सनातन धर्म परिषद द्वारा विश्व तुलसी सम्मेलन विगत चार वर्षो से किया जा रहा है : पहला सम्मेलन तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोंडा, दूसरा उत्तरी भारत कॉलेज भांडुप मुंबई तीसरा योग शक्तिपीठ कुतुबमीनार मेहरौली, नई दिल्ली, चौथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में हुआ था, पांचवा सम्मेलन श्रीरामचरित मानस रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोंडा में संपन्न होने जा रहा है। डा. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी।

## आग के मुहाने पर शहर : मानकों की उड़ा रहे धज्जियां : 250 भवन मालिकों को नोटिस



मेरठ ब्यूरो : कभी दिल्ली तो कभी कानपुर समेत अन्य शहरों से आग की खबरें आती हैं, जिसमें जान–माल दोनों की हानि होती है। इन हादसों के पीछे क्या वजह रहती है, यह जानने के बावजूद लोग जागरूक नहीं हो रहे। हैरानी की बात यह है कि महानगर भी आग के मुहाने पर बैठा हुआ है, जहां कभी भी आग की बड़ी घटना हो सकती है क्योंकि यहां के लोग भी आग की घटना को लेकर सतर्क नहीं हैं। हाल ही में दमकल विभाग की तरफ से ऐसे करीब 250 भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं। यह ऐसे भवन हैं, जो दमकल विभाग के मानकों पर पूरा नहीं उतर रहे। किसी भवन में अग्निशमन यंत्र नहीं है तो कोई अन्य मानकों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब दमकल विभाग की तरफ से आए दिन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। दमकल विभाग की ओर से मानक पूरे करने को चेताया गया है। आग रोकने के लिए संसाधन दमकल विभाग के पास 11 फायर टेंडर, तीन बुलेट बाइक, जो तंग स्थानों पर आगजनी की घटना में इस्तेमाल की जाती हैं, एक फोम टेंडर और चार वाटरमिस्ट हैं। दमकल विभाग का दावा है कि आगजनी की कोई भी घटना होती है तो दमकल विभाग हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। आठ हजार लीटर एआरएएफएफएफ मिला अक्सर गर्मियों के मौसम में आग की घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे में दमकल विभाग को करीब आठ हजार लीटर एआरएएफएफएफ (अल्कोहल रेसिसडेंट एक्युस फिल्म फोर्मिंग फोम) मिली है। इस फोम की खासियत यह है कि यदि किसी केमिकल की वजह से आग ज्यादा लगी हो तो इससे तुरंत काबू हो जाता है। यहां लग चुकी भीषण आग जिले में आगजनी की कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। कुछ समय पहले फिटकरी गांव में केमिकल की फैक्ट्री और लिसाड़ी गेट एरिया में कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी। इसके अलावा भी आग की काफी घटनाएं हो चुकी है। मानक पूरे नहीं करने पर 250 भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकतर आगजनी की घटना शार्टसर्किट से होती हैं। लोगों से अपील है कि नियमों का पालन करें, जिससे आगजनी की घटनाओं से बचाव हो सके। विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह भी मनाया जाएगा।

## इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने थाना समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। थाना समाधान दिवस कृष्णा नगर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने क्षेत्र की सभी जनता के साथ किया बातचीत व सभी की समस्याओं को सुना। नेक व साफ दिल



इंस्पेक्टर कृष्णा नगर विक्रम सिंह ने थाना समाधान दिवस में आए सभी लोगों से कहा कि किसी को किसी तरह की कोई समस्या हो तो तत्काल मेरे नम्बर पर फोन करके आधी रात को भी हमसे मिल सकते है हम आपकी सेवा में हमेशा हाजिर है जिससे आपकी मदद हो सके । इंस्पेक्टर कृष्णानगर विक्रम सिंह ने थाना समाधान दिवस के मौके पर आए सभी लोगों को सम्मान के साथ बैठाकर समस्याओं को सुना।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जहां अभिमान होता है वहां अपमान की फीलिंग जरुर आती है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## कोरोना : आशंका और संक्रमण की रफ्तार के बीच चलता जीवन

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की आहट है। प्रतिदिन के मामले 6 हजार के आसपास हैं। दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र और केरल से लेकर बिहार तक संक्रमण के मामले डराने के लिए काफी हैं। राज्य सरकारें अलर्ट पर हैं और केंद्र सरकार गाइडलाइंस के साथ मुस्तैद होने के लिए कमर कस रही है।

दरअसल, कोरोना की निरंतर बनी आवाजाही के बीच कभी इस महामारी की दस्तक आहट बनी रही तो कभी डर। कोविड के अलग–अलग नामों के वैरिएंट दूर–सुदूर से फैलने की खबरों के बीच आते रहे और डर बने रहे। अभी कुछ महीनों पहले ही चीन में कोरोना संक्रमण के बड़े डराने वाले वीडियो वायरल हुए थे।

पड़ोसी मुल्क में कोरोना की संक्रमण रफ्तार के बीच भारत में भी एक दहशत का माहौल रहा था लेकिन हाल ही में जिस तरह से कोरोना संक्रमण रफ्तार पकड़ रहा है और मृत्यु की खबरें सामने आ रही है यदि जनता में जागरूकता और सतर्कता ना पैदा हुई तो हालात मई तक असामान्य हो सकते हैं।

पहले रोजाना 4 हजार फिर 5 हजार और बाद में 6 हजार कोरोना के मामले आने के बाद और कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार और आंकड़ों ने केंद्र सरकार के कान भी खड़े कर दिए हैं। कोरोना के मामलों की संख्या जहां मीडिया में सुर्खियां बन रही हैं वहीं केंद्र सरकार ने आनन–फानन में शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर मुस्तैदी जाहिर की है।

इधर, बैठक में जहां सभी राज्यों को सतर्कता और जागरूकता बरतने की सलाह दी गई तो वहीं बेवजह की अफवाह और डर फैलने से रोकने के लिए भी सावधान किया गया है। सरकार की ओर से सभी राज्य सरकारों को जीनोम सीक्वेंसिंग भी बढ़ाने की सलाह दी गई है। बताते चलें कि कोरोना के गुरुवार को जो मामले आए हैं वे बीते छह माह में सबसे ज्यादा है।

इससे पहले देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना के पांच हजार से ज्यादा लोग संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरुवार को कोरोना के पांच हजार से ज्यादा केस आए थे, जो छह महीने में सबसे अधिक है। बीते चार सप्ताह से देश में लगातार बढ़ते कोरोना मामलों के चलते 21 राज्य के 72 जिले रेड अलर्ट में आए हैं। इन जिलों में बीते सप्ताह के दौरान 12 से 100 फीसदी तक सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं।

रोजी–रोटी के संकट के बीच जीवन पटरी पर

कोरोना की तबाही के बीच 2022 की शुरुआत से ही देश में जीवन पटरी पर धीमे–धीमे ही सही लौट रहा है। दो साल में इस महामारी ने ना केवल जनता को ना केवल आर्थिक संकट में डाला है बल्कि आर्थिक रफ्तार को भी रोक सा दिया है। सामाजिक जीवन में उथल–पुथल मची है तो वहीं व्यक्ति ज्यादा अकेला और टूटा है। जाहिर है रफ्ता–रफ्ता पटरी पर लौटते जीवन के लिए बीच राह में कोरोना के संक्रमण की यह रफ्तार और खबरें थोड़ा धक्का पहुंचाने वाली है। चुप्पी साधे और बुझे हुए मन से मास्क पहने चलती भीड़ को देखकर लॉकडाउन जैसे ख्याल उठना स्वाभाविक है।

देखा जाए तो कोरोना के आंकड़ों की संख्या का सामने आना और कोरोना का बने रहना दोनों ही बातें एक स्तर पर इस बात की तस्दीक करती हैं कि 2021 में तबाही के बाद कोरोना संक्रमण की रफ्तार कभी कम नहीं हुई और ना ही कोरोना हमारे बीच से पूरा गया है बल्कि एक तौर पर दुनियाभर के विशेषज्ञ यह कहते रहे हैं कि कोरोना कभी विदा नहीं लेगा बल्कि यह मनुष्य सभ्यता के बीच एक बीमारी की तरह रहेगा और इसकी मारक क्षमता कम होती चली जाएगी।

डरा रहा है कोरोना का यह वैरिएंट

बहरहाल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समय कारोना का सब–वैरिएंट XBB 1.16 और XBB 1.15 सामने आया है जिससे कोरोना मामलों की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। यह वैरिएंट ना केवल तेजी से फैलता है बल्कि यह इम्यूनिटी को मात देने में माहिर है। जाहिर है यहां इम्यूनिटी को मात देने का अर्थ है कोविड वैक्सीन के बूस्टर डोज के प्रभावी ना होने को लेकर देखना चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत में कोरोना फैलने की बड़ी वजह यह नया वैरिएंट ही है।

कोविड संक्रमण मामलों पर नजर रखने वाले इंटरनेशनल प्लेटफार्म की मानें तो भारत में सब–वैरिएंट XBB 1.16 सबसे ज्यादा फैला है और उसी के मामले दर्ज हुए हैं। इधर दूसरे देशों पर नजर डालें तो इस वैरिएंट के अमेरिका में 15 जबकि सिंगापुर में अब तक 14 केस सामने आए हैं। खास बात यह है कि भारत में इनकी संख्या 48 हो चुकी है।

इस वैरिएंट के बारे में विशेषज्ञ कहते हैं कि यह सब–वैरिएंट XBB 1.16 के पहले ओमिक्रॉन दुनिया भर में फैला था, लेकिन अब सब वैरिएंट XBB 1.16 के चलते महामारी तक फैल सकती है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि वे लोग जो पहले से ही ब्लड प्रेशर, शुगर, या किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं उन पर खतरा बना हुआ है।

एक ऐसे समय में जबकि पूरी दुनिया इस महामारी के साथ जीने और रहने के लिए तैयार हो रही है भारत जैसे देश में संक्रमण की आहट थोड़ा सा डर और दहशत तो पैदा करती है लेकिन मास्क,, वैक्सीन और कोविड से लड़ने के सुरक्षा उपाय हमें इस महामारी से लड़ने में सहायता करेंगे। फिलहाल तो मास्क, वैक्सीन और सामाजिक दूरी ही कोविड के खिलाफ हमारे हथियार हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गठिया तथा हड्डियों की मजबूती व घनत्व जांच शिविर आयोजित




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के इंदिरा नगर में सर्वोदय नगर विकास भवन के निकट स्थापित ऑर्थो एंड न्यूरो पेन क्लीनिक में गठिया तथा हड्डियों की मजबूती और घनत्व जांच शिविर लगाया गया जिसमें निःशुल्क जांच की गई। डॉ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि निःशुल्क जांच शिविर में सभी प्रकार की गठिया, जोड़ों व मांसपेशियों के दर्द, नसों में दर्द व तनाव, हाथ पैरों में झुनझुनी व सूनापन,किसी पुरानी चोट का दर्द, कमर कंधा या घुटनों में दर्द, शरीर में कमजोरी या अत्यधिक थकान, हाथ पैरों की कमजोरी या पतलापन, कमर या गर्दन में जकड़न आदि रोगों से संबंधित मरीज आए, निःशुल्क जांच की गई तथा इलाज की सलाह दी गई। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव केजीएमयू से एमबीबीएस एमडी हैं। रेजीडेंट डॉक्टर एम्स, मेदांता हॉस्पिटल के पूर्व विशेषज्ञ रह चुके हैं। करीब चार दर्जन मरीजों की जांच निःशुल्क की गई।

## श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनकर झूम उठे श्रद्धालुजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आवास विकास परिषद की गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास धर्मदूत जी महराज ने माता सीता और भगवान श्रीराम के विवाह का प्रसंग रोचक ढंग से सुनाया। रात 11:00 बजे तक भक्तगण पांडाल में डटे रहे तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में आवास विकास कॉलोनी मुन्नू खेड़ा, हंस खेड़ा, डिप्टी खेड़ा, चुन्नू खेड़ा, पारा क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। हैदरगंज तृतीय वार्ड के पार्षद प्रत्याशी अमित यादव ने प्रसाद वितरण किया। यजमान जगदीश प्रसाद यादव और राजेश सिंह ने परिवार सहित पूजन अर्चन किया।अमित कुमार यादव, इंद्रेश सिंह और ईडब्ल्यूएस सेवा समिति लखनऊ के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजक अमित यादव



ने हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पूज्य महाराज धर्मदूत जी को पगड़ी व माला पहना कर स्वागत किया। आचार्य धीरज शास्त्री ने कथाव्यास धर्मदूत जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत : उत्तराखंड से देवरिया जा रही थी कार

बलरामपुर ब्यूरो : उत्तराखंड से देवरिया जा रही कार को शुक्रवार की रात बलरामपुर–उतरौला मार्ग पर बजाज चीनी मिल गेट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार सवार छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। बताया जाता है कि देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाने के बंकुल गांव निवासी सोनू शाह परिवार के साथ कार से उत्तराखंड से देवरिया जा रहे थे। बलरामपुर से उतरौला मार्ग पर शुक्रवार की रात जब वह श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के बजाज चीनी मिल गेट के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद टक्कर मारने वाला वाहन भाग निकला। वहीं, कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सोनू समेत परिवार के छह अन्य की मौत हो गई। रात में गश्त से लौट रही पुलिस टीम ने जब क्षतिग्रस्त कार को देखा तो आननफानन कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी गई। मृतकों के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। एसओ विपुल पांडेय ने बताया कि एक की पहचान हो गई है। उसके परिजनों को जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि सभी परिवार के ही सदस्य



है। परिजन आ रहे हैं। इसके बाद स्थिति साफ हो सकेगी। सीएम योगी ने परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बलरामपुर में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों को दो लाख प्रति मृतक की आर्थिक सहायता अविलंब प्रदान करने के भी निर्देश दिये गये ।

## यूपीपीसीएस : लेखपाल का बेटा बना एसडीएम

सुल्तानपुर ब्यूरो : यूपीपीसीएस की परीक्षा में इस बार सुल्तानपुर जिले के तीन छात्रों ने परचम लहराया है। इनमें से लेखपाल के बेटे ने एसडीएम तो एक बेटी ने डीएसपी और दूसरी ने नायब तहसीलदार बनकर पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। जिले के जयसिंहपुर के पास महादेवपुर गांव निवासी 29 वर्षीय अंकित वर्मा के पिता राममूर्ति वर्मा लेखपाल के पद पर अहिमाने में तैनात हैं। अंकित ने बताया कि उन्होंने पांचवें प्रयास में उप जिलाधिकारी के पद पर सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महर्षि विद्या मंदिर में हासिल की। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्गापुर पश्चिम बंगाल से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद एक निजी कंपनी में बड़े अधिकारी के पद पर भी चयनित हो गए लेकिन उन्होंने पीसीएस अधिकारी बनने की इच्छा नहीं छोड़ी और नौकरी त्यागकर तैयारी में जुट गए। दिल्ली में रहकर वह कोचिंग कर रहे थे। सात से आठ घंटे तक रोज पढ़ाई करते थे। अंकित ने बताया कि 2017 से 2020 तक उन्होंने स्मार्टफोन का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया। सोशल मीडिया से भी वह दूरी बनाए हुए थे। पांच साल से फेसबुक में अपनी प्रोफाइल फोटो भी अपलोड नहीं की। बताया कि उप जिलाधिकारी के पद पर चयनित होने पर लोगों की बधाइयां मिल रही हैं। उन्होंने तैयारी में लगे छात्रों को संदेश दिया है कि कठिन परिश्रम ईमानदारी से करते रहें। मूल्यों के प्रति निष्ठा होनी बहुत जरूरी है। जिले के लंभुआ तहसील के पास स्थित कोल्हापुर गांव निवासी आकांक्षा पांडे ने 24वीं रैंक के साथ डीएसपी पद के लिए चयनित हुई हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता मुरादाबाद में एसपी के पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए, एमए और पीएचडी की है। आकांक्षा ने बताया कि कठिन परिश्रम से सफलता हासिल होती है। उधर, जिले की रोली मिश्रा ने 2021 के बाद 2022 में भी पीसीएस की परीक्षा पास की है। अभी वह सहायक शोध अधिकारी के पद पर लखनऊ में तैनात हैं। इस बार नायब तहसीलदार के पद पर उन्होंने प्रदेश में पहली रैंक हासिल की है। रोली ने बीएससी और एमएससी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से करते हुए दोनों ही विषयों में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा कान्वेंट सुल्तानपुर से उत्तीर्ण की है। वह मूल रूप से जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मिसरौली गांव की रहने वाली हैं।

## सीओ के सामने बुलेट से पटाखे छोड़ना युवक को पड़ा महंगा : तुरंत कटा 24 हजार रुपये का चालान

मेरठ ब्यूरो : तेज रफ्तार बुलेट सवार युवक को सीओ सिविल लाइन के सामने बुलेट से पटाखा छोड़ना भारी पड़ गया। सीओ की टीम ने करीब 800 मीटर पीछा कर बुलेट सवार को पकड़ा। उसकी बाइक सीज कर दी गई और 24 हजार रुपये का चालान भी काट दिया गया। शुक्रवार शाम करीब सात बजे सीओ सिविल लाइन अरविंद चौरसिया सादी वर्दी में गश्त पर थे। जेल चुंगी चौराहे पर वह अपनी सरकारी गाड़ी से कुछ दूर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बुलेट सवार युवक वहां से गुजरा। उसने सीओ के सामने निकलते समय बुलेट से पटाखा छोड़ा, जो प्रतिबंधित है। अचानक इतनी तेज आवाज से सीओ चौंक पड़े। थोड़ा आगे खड़े पुलिसकर्मियों ने उसे इशारा कर रुकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुका। तभी सीओ के निर्देश पर उनकी टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने करीब 800 मीटर दूर तक पीछा कर युवक को पकड़ लिया। इसकी पहचान आइडिल कॉलोनी निवासी प्रियांशु के रूप में हुई। सीओ ने उससे बुलेट के दस्तावेज मांगे, लेकिन उसके पास प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं मिला। इसके अलावा बुलेट के साइलेंसर में भी छेड़छाड़ कर उसे बदला गया था। इस पर पुलिस ने



उसका 24 हजार रुपये का चालान काट दिया। उसकी बुलेट भी सीज कर दी गई। इस बीच युवक ने माफी भी मांगी, लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी। बुलेट पटाखों की पुलिस को दें सूचना युवक बुलेट से पटाखे छोड़ रहा था। पीछा कर उसे पकड़ा गया। जिसका चालान काटा गया है। आम जनता से अपील है कि यदि आसपास कोई व्यक्ति बुलेट से पटाखा छोड़ता है तो उसका नंबर नोट कर पुलिस को सूचना दें। उस पर कार्रवाई की जाएगी। – अरविंद चौरसिया, सीओ सिविल लाइन

## थोक व्यापारी पर सरेराह चाकू से हमला कर लूटे लाखों रुपये

बहराइच ब्यूरो : बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार की देर रात एक थोक कपड़ा व्यापारी पर चाकू से हमला कर एक लाख रुपए लूट लिए। लहूलुहान हालत में व्यापारी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, सरेराह व्यापारी पर हुए हमले से व्यापारियों में रोष है और व्यापारी कोतवाली नगर पुलिस की पेट्रोलिंग व कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। हालांकि, पुलिस इसे पुराने विवाद में मारपीट होना बता रही है। पुलिस ने लूट से इंकार किया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला मेवातीपुरा निवासी वली नयाब कपड़े के थोक व्यापारी हैं। व्यापारी का आरोप है कि शुक्रवार को वह दुकान बंद कर बकाया पैसे लेने के लिए निकले थे। बताया जाता है कुछ लोगों से बकाया वसूली के बाद वह काजीपुरा स्थित अपनी ससुराल चले गए थे। जहां से वह देर रात लगभग 11:45 पर अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान पहले से पीछा कर रहे बदमाशों ने काजीपुरा मोहल्ला स्थित पचकौरी होटल के पास उन्हें घेर लिया और उनके पैसे छीनने लगे। विरोध करने पर एक बदमाश ने वली नयाब पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए जिसके बाद बदमाशों ने उनकी जेब में रखे एक लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे



इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। इमरजेंसी में तैनात डॉ. अंकित त्रिपाठी ने बताया कि युवक पर किसी धारदार हथियार का घाव है। काफी खून निकल गया है लेकिन अभी घायल की स्थिति सामान्य है। पुलिस अपनी जांच में पुराने विवाद की बात कह रही है। कई दिनों से कर रहे थे रेकी व्यापारी वली नयाब ने बताया कि हमला व लूट करने वाले बदमाश उसका पीछा कई दिनों से कर रहे थे। उसने कई बार उन्हें अपने पीछे आते देखा लेकिन उसे अंदेशा नहीं था कि सभी किस नीयत से उसका पीछा कर रहे हैं। नगर कोतवाल शैलेश सिंह का कहना है कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। लूट की कोई वारदात नहीं हुई है। पुराने विवाद का मामला है जिसे लूट का रुप दिया जा रहा है। जांच की जा रही है।

## समर सिंह ने पुलिस को बताई हर एक बात : सीएम योगी के आदेश से मचा हड़कंप

वाराणसी ब्यूरो : फिल्म शूटिंग के लिए वाराणसी आईं अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की आत्महत्या के मामले में समर सिंह व उसका दोस्त संजय सिंह नामजद है। समर 10 दिन से पुलिस से आंख मिचौली खेल रहा था, लेकिन गुरूवार की देर रात वह पुलिस के चंगुल में फंस गया। वह गाजियाबाद में अपने जिस परिचित के फ्लैट में ठहरने के लिए पहुंचा था, वहां कमिश्नरेट की पुलिस को देखकर सन्न रह गया। पुलिस ने गिरफ्तारी की बात कही तो वह रोने लगा। उसने पुलिस से गुहार लगाई और कहा कि आकांक्षा दुबे ने न कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा था। ना आत्महत्या से पहले उस पर कोई आरोप लगाया, फिर भला उसे कसूरवार क्यों ठहराया जा रहा है? इसलिए उसे छोड़ दिया जाए। समर सिंह ने बताई एक–एक बात समर सिंह ने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह बीते 25 और 26 मार्च को गोरखपुर में शूटिंग कर रहा था। गोरखपुर में ही उसे आकांक्षा की आत्महत्या की जानकारी मिली। 26 मार्च की रात वह लखनऊ गया था। 27 मार्च को आकांक्षा की मां मधु दुबे के आरोपों और खुद पर दर्ज मुकदमे की जानकारी उसे मिली तो वह घबरा गया। एक बार लगा कि वह अपना पक्ष पुलिस के सामने रखे, लेकिन मधु दुबे के आरोपों की वजह से वह हिम्मत नहीं जुटा सका। इसके बाद अपना वाहन लखनऊ में ही छोड़ कर सड़क मार्ग से अपने दोस्त संजय सिंह के साथ गाजियाबाद चला गया। गाजियाबाद के साथ ही दिल्ली, नोएडा और देहरादून में अपने खास करीबियों के यहां ठिकाने बदल–बदल कर रहा। गिरफ्तारी पर स्टे लेने के प्रयास में था समर समर इस कोशिश में था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट से उसकी गिरफ्तारी पर स्टे मिल जाए। इसके लिए उसके अधिवक्ताओं ने कागजी कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। बृहस्पतिवार को वह देहरादून से गाजियाबाद आया था और शुक्रवार



को उसे लौटना था। हालांकि, इससे पहले ही वह पकड़ा गया। पता था पुलिस का छापा पड़ेगा, इसलिए मुंबई नहीं गया पुलिस की पूछताछ में समर ने बताया कि उसके ऑफिस लखनऊ और मुंबई में हैं। रुपये के लेनदेन और उसके प्रमोशन से संबंधित कामकाज दोस्त संजय सिंह देखता है। उसे पता था कि मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस उसकी तलाश में आजमगढ़ के मेंहनगर स्थित घर जाएगी। फिर, लखनऊ और मुंबई स्थित उसके ठिकानों पर छापा मारेगी। इसलिए जानबूझकर मुंबई नहीं गया और लखनऊ भी छोड़ दिया। मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद पुलिस ने दिखाई तेजी मुकदमा दर्ज होने के बाद समर घबरा गया था। उसने पुलिस को जो जानकारी दी, उसके मुताबिक, 27 मार्च को अपने सभी मोबाइल फोन बंद कर दिए थे। जरूरत पड़ने पर व्हाट्सएप कॉल से खास लोगों से बात करता था। इधर, आकांक्षा दुबे की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ रहा था। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कमिश्नरेट की पुलिस की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई थी। उन्होंने हर हाल में समर की गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन को दिए थे। करीबियों के मोबाइल फोन से मिली लोकेशन पुलिस सर्विलांस की मदद से उन लोगों के मोबाइल नंबर की जानकारी ले रही थी, जो 26 और 27 मार्च को लगातार समर सिंह के संपर्क में थे। समर के करीबियों के मोबाइल की मदद से ही उसकी लोकेशन के बारे में सटीक जानकारी मिली। अब समर के मोबाइल को फॉरेंसिक लैब में भेज कर जांच कराई जाएगी। देखा जाएगा कि आकांक्षा से संबंधित कोई महत्वपूर्ण डेटा या चौट उसने डिलीट तो नहीं कर दिया।

## सात कैरेट के आभूषण को 18 कैरेट का बता बेच रहे हैं व्यापारी : आम लोगों की बढ़ी चिंता

गोरखपुर ब्यूरो : फर्जी हॉलमार्क लगाकर कुछ सराफा व्यापारी ग्राहकों को सात कैरेट सोने के आभूषण 18 कैरेट का बताकर बेच दे रहे हैं। इसका अहसास व्यापारियों को तब हो रहा है जब वे जरूरत पर आभूषण बेचने या उसकी जांच कराने पहुंच रहे हैं। गोरखपुर शहर के प्रमुख बाजार में पिछले दो दिन में ऐसे कई ग्राहक सामने आ चुके हैं, जिन्होंने आभूषण 18 कैरेट पर खरीदा था। लेकिन, बेचते वक्त पता लगा कि वो मात्र सात कैरेट का ही था। ग्राहक खुद को ठगा महसूस कर निराश हो वापस लौट जा रहे। शहर के एक प्रमुख बाजार में बृहस्पतिवार दोपहर एक ग्राहक हाटा से गोरखपुर आए थे। ज्वेलरी दुकान पर उन्होंने अपने पुराने आभूषण बेच, नए खरीदने की बात कही। दो महिलाओं के साथ एक युवक था। दुकानदार ने पुराने आभूषण की जांच कर उसकी गुणवत्ता परखी तो पता लगा कि वो आभूषण सात कैरेट सोने का है, जबकि उसपर 18 कैरेट हॉलमार्क का निशान था। ऐसे ही बक्शीपुर की शालिनी श्रीवास्तव भी अपने पुराने आभूषण बेचकर नए आभूषण लेना चाह रहीं थीं। लेकिन, दुकानदार ने जांच कर बताया कि पुराने आभूषण की गुणवत्ता बेहद कम थी और उसपर हॉलमार्क उच्च गुणवत्ता का था। सराफा मंडल के संरक्षक पंकज गोयल ने बताया कि हॉलमार्क वाले आभूषणों की



जांच करने के बाद ही ग्राहक आभूषण खरीदें। अगर उनके साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी हो तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने को भी दें। आभूषणों को लेकर बढ़ी आम लोगों की चिंता सोने–चांदी के आभूषणों को लेकर आम लोगों की चिंता बढ़ी हुई है। ग्राहक अपने आभूषण लेकर सराफा व्यापारियों के पास जा रहे हैं। दरअसल, फर्जी हॉलमार्किंग के खेल को अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया था। सराफा बाजार से पकड़े गए सराफा कारोबारी की वजह से आशंका है कि कहीं बड़ी संख्या में तो लोग इसका शिकार नहीं हुए? संरक्षक पंकज गोयल ने बताया कि ग्राहक को अगर कहीं सूचना मिलती है कि उसका आभूषण गलत है, तो संगठन को जानकारी दें। वैसे तो ऐसा होने की आशंका काफी कम है, क्योंकि समय रहते ही संगठन द्वारा कार्रवाई की गई थी। शिकायत पर आभूषण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गैर इरादतन हत्या के दो अभियुक्तों को 6 वर्ष की कारावास व 10 – 10 हजार लगा जुर्माना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत जघन्य अपराध में जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपीगण को 06 वर्षों के सश्रम कारावास तथा 10,000/– के अर्थदंड से दंडित किया गया। वादी मुकदमा तूफानी बिंद पुत्र छविनाथ बिंद निवासी ग्राम छातीडीय थाना जलालपुर जिला जौनपुर की तहरीर पर अभियुक्तगण द्वारा वादी के पिता को लाठी–डंडे, ईंट, कुदाल से घायल कर जान से मार देने के संबंध में थाना जलालपुर में मुकदमा अपराध संख्या 432/2014 धारा 302, 452,504 भारतीय दंड संहिता पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपीगण के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने व प्राचीनतम वादों को त्वरित निस्तारण हेतु उपर्युक्त अभियोग को प्रभावी पैरवी के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरुप दिनांक–07–04–2023 को न्यायालय सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्तगण 1. चंद्रेश बिंद पुत्र लालमन बिंद व 2. संजय बिंद पुत्र लालमन बिंद निवासीगण छातीडीह थाना जलालपुर जिला जौनपुर को सत्र परीक्षण संख्या 292/2014 में प्रत्येक अभियुक्त को धारा 304 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध के लिए 06 वर्षों के सश्रम कारावास तथा 10,000–10,000/– के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में धारा 304 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध के लिए 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी।

## थाना पवाँरा पुलिस द्वारा तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना पवारा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग सदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान नहर पुलिया पवांरा के पास से अभियुक्त अली हुसैन पुत्र शाह मोहम्मद निवासी नरगहना (मड़वादोदक) थाना पवांरा जनपद जौनपुर के पास से एक तमंचा 0. 315 बोर व एक जिन्दा कार0 0. 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अली हुसैन पुत्र शाह मोहम्मद नि0 नरगहना थाना पवांरा जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण–एक तमंचा 0.



315 बोर व एक जिन्दा कार0 0.315 बोर अपराधिक इतिहास 1. मु0अ0स0–111/21 धारा–3/5A/8 गोवध निवारण अधि व 11 पशु क्रूरता अधि थाना थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0स0–810/2021 धारा–3/5A/8 गोवध निवारण अधि0 व धारा 120बी भा0द0वि थाना लंका, जनपद वाराणसी। 3. मु0अ0स0–47/23 धारा–3/25 A-ACT थाना पवांरा जनपद जौनपुर।

## हर जाति धर्म के लोगों को साथ जोड़ कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है –लालाजी वर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के 73लोकसभा 74 मछलीशहर,के बूथ गठन हेतु हिन्दी भवन मे आयोजित कार्यकर्ता बैठक के मुख्य अतिथि बूथ गठन प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव,विधायक लालजी वर्मा ने बैठक को संम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का सबसे बडा नेता हमारा बूथ पर है जो समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने और अपना बूथ जिताने का काम करता है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश है हमारे बूथों के कार्यकर्ता का सम्मान हमारे लिए सर्वप्रिय है और जो नेता उनका सम्मान नहीं करेगा उसे कभी सम्मान नहीं मिलेगा कहा आप ही लोगों के बदौलत ही इस देश से भाजपा सरकार उखाड़ फेकने का काम किया जायेगा कहा भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है। लालजी वर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली महंगी कर दी है। गैस सिलेण्डर महंगे हो गये हैं। सरकार के पास जनता से जुड़े मुद्दों का कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और उसके मित्र उद्योगपतियों ने देश का जो पैसा डुबोया है, उस पर बहस नहीं करना चाहती है। कहा कि भाजपा संविधान का गला घोट रही है। वर्मा ने कहा कि अब 2024 का चुनाव देख कर वोट के लिए भाजपा सरकार शिलान्यास कर रही है। केन्द्र और राज्य की भाजपा



सरकार ने अब तक 17 बजट प्रस्तुत किये हैं लेकिन आम जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के बजाय और दयनीय होती जा रही है। भाजपा सरकार इसका कोई जवाब नहीं दे सकती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा बूथ स्तर तक का गठन समाजवादी पार्टी हर जाति धर्म के लोगों को साथ जोड़ कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है हमारे बूथों नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है।बैठक में मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव,शैलेंद्र यादव ललई,लालबहादुर यादव,श्री राम यादव, राजनरायन बिन्द अरशद खान, सुषमा पटेल,दीपचंद्र सोनकर,कैलाश सोनकर, बिरजू राम,राजबहादुर यादव, यशवता यादव, राकेश मौर्या श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी,राजन यादव राजेंद्र टाईगर,श्रवण जयसवाल पूनम मौर्या,,दीपचंद राम आदि मौजूद रहे।

## एक हजार करोड़ का निवेश जमीन पर लाने की तैयारी

बागपत ब्यूरो : उद्योगों के लिए 17 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आने के बाद प्रशासन ने यह उद्योग जमीन पर लाने की तैयारी शुरू कर दी। इसमें सबसे पहले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक एक हजार करोड़ रुपये का निवेश कराने पर जोर दिया जा रहा है। जिसके लिए अमूल समेत छह कंपनियों ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। बागपत में 24 जनवरी को इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, जिसमें 91 उद्यमियों ने 7096 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया था। तब यह माना जा रहा था कि यह निवेश बढ़कर अधिकतम दस हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। लेकिन उसके बाद भी उद्यमियों ने खूब रूचि दिखाई और वह लगातार निवेश करने के लिए प्रस्ताव देते रहे। जिससे यहां 105 उद्यमियों ने 97 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव देकर एमओयू जारी कराए। अब अगस्त में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कराने की तैयारी है। हालांकि इसके लिए शासन से तारीख तय होगी। लेकिन उससे पहले एक हजार करोड़ के निवेश को फाइलों से धरातल पर लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए छह कंपनियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है और किसी ने जमीन खरीद ली है तो कोई अन्य प्रक्रिया करने में लगा है।अमूल ने सबसे पहले कदम बढ़ाया, अन्य भी तैयार यहां दूध कंपनी अमूल ने भी 800 करोड़ का निवेश करने के लिए प्रस्ताव दिया था। अमूल ने सबसे पहले प्लांट लगाने के लिए कार्रवाई शुरू की। जिसमें उन्होंने 90 बीघा जमीन खरीदी है और उस पर प्लांट भी जल्द ही अन्य प्रक्रिया पूरी करने के बाद लगाना शुरू कर दिया जाएगा। इस तरह ही सभी निवेशकों से उद्योग विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारा जा सके। पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद जिस तरह से निवेश बढ़ा है, उससे यहां रोजगार की संभावनाएं भी काफी बढ़ी हैं। यहां अगर एक हजार करोड़ का निवेश जल्द होता है तो उसे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। क्योंकि करीब चार हजार युवाओं को अमूल तो एक हजार को अन्य उद्योगों में रोजगार मिल जाएगा। अप्रत्यक्ष रूप से भी काफी लोग इन उद्योगों से जुड़ेंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले करीब एक हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जिसमें अमूल ने जमीन खरीद ली है तो अन्य भी जमीन खरीदने व अन्य प्रक्रिया को पूरी करने में लगे हैं। – अर्चना तिवारी, जिला उपायुक्त उद्योग

## बैडमिंटन खिलाड़ी रिचा यादव का यूपी पुलिस में चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीयू से सम्बध्द गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्धिकपुर में पढ़ने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी रिचा यादव का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन कर लिया गया है। और सशर्त लिखित अश्वस्त किया गया है कि जैसे ही स्नातक फाइनल वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करेगी, उसी के आधार पर रिचा का उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हो जाएगी। रिचा यादव बैडमिंटन की खिलाड़ी है और यह कई मेडल अर्जित कर चुकी हैं।खेलकूद कोटे से इनका चयन यूपी पुलिस विभाग में हुआ है। रिचा



यादव गुलाबी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामाशंकर यादव की भतीजी हैं और इस सफलता के लिए वह खेल विभाग के कोच वह सीनियर खिलाड़ियों को के साथ–साथ परिजनों को श्रेय देती हैं। रिचा की इस सफलता पर क्लास की छात्र–छात्राएं सगे संबंधियों ने उन्हें बधाई दी और कहा कि निश्चित ही और छात्राओं के लिए यह प्रेरणा स्रोत बनेंगी।

## दुबई से लौटे युवक का पोखरे में मिला शव : हत्या की आशंका

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में गीडा इलाके के मल्हीपुर गांव निवासी रामानंद विश्वकर्मा (26) की शुक्रवार सुबह पोखरे में लाश मिली। वे बृहस्पतिवार को ही दुबई से लौटे थे। गले पर निशान होने की वजह से आशंका है कि गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस भी घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक, मल्हीपुर गांव के रामानंद विश्वकर्मा शादी के कुछ समय बाद ही दुबई कमाने चले गए थे। वहां पर मजदूरी करते थे और बृहस्पतिवार की सुबह ही वह घर पहुंचे थे। शाम को अचानक लापता हो गए और फिर परिजन उनकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच शुक्रवार सुबह तालाब में उनकी लाश मिली। शव मिलने की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को बाहर निकाला तो गले पर घाव के निशान मिले। पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि युवक की संदिग्ध हाल में मौत हुई है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा खोला जाएगा एक अलग खाता

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि० / रा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), जौनपुर राम अक्षयवर चौहान ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र० लखनऊ के पत्र दिनांक 30.08.2022 द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के दिनांक से निर्वाचन की घोषणा तक विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा, उसका लेखा–जोखा तैयार किया जाएगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जाएगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी। अतः नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों से अनुरोध है कि वे नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से पूर्व चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु एक अलग से खाता खोल लें तथा निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खातें से ही करें।

## सड़कों पर नहीं फाइलों में ही पुराने हो रहे रोडवेज बसों के टायर : विभाग को लगाई लाखों रुपये की चपत

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बड़ौत में सड़कों पर चलकर नहीं, बल्कि फाइलों में बसों के टायर घिस रहे हैं। बड़ौत डिपो में हर महीने 20 से अधिक बसों में नए टायर बदलकर विभाग को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फाइलों में चल रहा यह खेल खुला तो विभागीय अफसर जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मेरठ परिक्षेत्र



में आने वाले पांच डिपो में से तीन डिपो में इस समय टायरों की कमी है और लगभग 50 बसें टायर घिस जाने के कारण कार्यशालाओं में खड़ी हैं। कंपनी नए टायर पर एक लाख किलोमीटर की दूरी तय करने की गारंटी दे रही है, लेकिन यह गारंटी मात्र 15 हजार किमी पर आकर खत्म हो रही है। यानी विभाग को नुकसान पहुंचाने के लिए फाइलों में ही नए टायर पुराने हो रहे हैं। मेरठ क्षेत्र में बड़ौत डिपो, गढमुक्तेश्वर डिपो, सोहराबगेट डिपो, मेरठ डिपो व भैंसाली डिपो आता है। मेरठ डिपो में 125 बसें चलती हैं। इनमें बड़ौत डिपो में 62, गढमुक्तेश्वर डिपो में 85, सोहराबगेट डिपो में लगभग 130 बसें रोडवेज की चलती हैं। यानी लगभग 402 बसें संचालित है। भैंसाली डिपो में अनुबंधित बसें संचालित हैं। अब यदि क्षेत्रीय कार्यशाला की बात करें तो करीब 50 बसें टायरों की कमी से खड़ी हैं। बड़ौत डिपो में टायरों की कोई कमी नहीं है। यहां लगभग 20 बसों में हर महीने नए टायर बदले जा रहे हैं। अब मामला उजागर हुआ तो विभागीय अफसरों में हड़कंप मच गया। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है। एक माह में 20 बसों के बदले गए 160 टायर बड़ौत डिपो में संचालित बस नंबर यूपी 15बीटी 2980 में आठ टायर, यूपी 81बीटी 6560 में आठ टायर, यूपी 30एटी 2605 में आठ टायर, यूपी 30 एटी 2588 में सात टायर, यूपी 81बीटी 7091 में सात टायर, यूपी 21बीएन 3604 में नौ टायर, यूपी 38एफटी 8702 में आठ टायरों सहित अन्य बसों में मात्र 15 हजार किलोमीटर दूरी तय करने पर टायर बदले गए हैं। यानी इन 20 बसों में 11 माह के अंदर लगभग 160 टायर बदले गए हैं। कुल 1.60 करोड़ किलोमीटर दूरी तय करते, लेकिन इन टायरों को मात्र 24 लाख किलोमीटर दूरी तय करने पर ही बदल दिया गया। रोडवेज बस के एक टायर की कीमत की बात करें तो लगभग 18 हजार रुपये में एक टायर आता है। ऐसे में 20 बसों में 11 माह के अंदर लगभग 29 लाख रुपये के टायर बदल दिए गए। ये बोले एआरएम मामला गंभीर है, हाल ही में पकड़ में आया है, जिसकी गहनता से जांच कराई जा रही है। कुछ बसों में तय दूरी से पहले ही टायर बदलना पाया गया है। जांच पूरी होने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी –रामदास, एआरएम बड़ौत।

## गोरखपुर के एचएन सिंह चौराहे से गोरखनाथ मंदिर तक अब जाम की किचकिच होगी दूर

गोरखपुर ब्यूरो : एचएन सिंह चौराहे से हड़हवा फाटक, जगेसर पासी चौराहा होते गोरखनाथ मंदिर जाना और आसान होगा। यह सड़क फोरलेन बनाई जाएगी। 4.230 किलोमीटर लंबी इस सड़क में से 2.8 किलोमीटर हिस्सा टू लेन और शेष फोरलेन बनेगा। हालांकि, लोक निर्माण विभाग की ओर से इस पूरी सड़क को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव भेजा जाना था। लेकिन डीपीआर बनाने के दौरान फोरलेन की जद में बड़ी संख्या में मकान–दुकान आने के चलते, जहां जगह मिले वहां फोरलेन और बाकी सड़क टू लेन बनाने का निर्णय लिया गया। लगभग चार किलो मीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 1,30,79000 (एक करोड़ तीस लाख उन्यासी हजार) की लागत आएगी। व्यय वित्त समिति ने इसकी स्वीकृति दे दी है। जीओ जारी होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एचएन सिंह चौराहे से शुरू होकर यह सड़क हड़हवा फाटक होते गोरखनाथ मंदिर जाएगी। जबकि एक सड़क उत्तरी हुमायूंपुर चौक से तरंग क्रासिंग की तरफ चली जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि एचएन सिंह चौराह से 1200 मीटर की लंबाई में सड़क टू लेन की होगी। उसके आगे से हड़हवा फाटक के थोड़ा आगे तक सड़क फोरलेन बनेगी। हुमायूंपुर चौराह से एक सड़क गोरखनाथ थाने तक जाएगी, वह टू लेन की होगी। जबकि दूसरी सड़क तरंग क्रासिंग चौराहे तक जाएगी वह भी टू लेन होगी। इस सड़क के किनारे के बिजली के पोल हटाए जाएंगे। यहां पर



अंडरग्राउंड बिजली के केबल डाले जाएंगे। जल निकासी के लिए सड़क के दोनो तरफ नाला का निर्माण कराया जाएगा। उधर, हड़हवा फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी कराया जाना है। ब्रिज कारपोरेशन इसका डीपीआर बना रहा है। कार्य अंतिम दौर में है। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक आरओबी का डीपीआर मुख्यालय पहुंचने के बाद फोरलेन के टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता आरबी सिंह ने कहा कि एचएन सिंह चौराहे से गोरखनाथ मंदिर और तरंग क्रासिंग तक फोरलेन बनाने के लिए डीपीआर बनाकर शासन को भेज दिया गया है। इस रोड की खासियत यह होगी जहां जगह मिलेगी वहीं फोरलेन बनेगा। जहां पर जगह नहीं होगी वहां टू लेन बनाया जाएगा। व्यय वित्त समिति से स्वीकृति मिल गई है। लेकिन, अभी जीओ नहीं जारी हुआ है। हड़हवा फाटक पर फोरलेन का आरओबी बनना है। जब तक उसका डीपीआर फाइनल नहीं होगा तब तक शायद जीओ जारी न हो।

## गैस चूल्हा कारीगर परिवार संग फिर मारपीट : आप कार्यकर्ताओं का थाने में हंगामा

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ महानगर के क्वार्सी होली चौक में गैस चूल्हा कारीगर से अवैध वसूली प्रकरण में शुक्रवार रात को फिर मारपीट हो गई। इस दौरान पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इस दौरान चूल्हा कारीगर के पक्ष में आप कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। जमकर नारेबाजी के बाद किसी तरह मामला शांत किया गया। होली चौक निवासी यशपाल सिंह गैस चूल्हा की मरम्मत करते हैं। मोहल्ले के कुछ युवकों द्वारा पिछले कई दिन से उन्हें वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जा रहा है और गैस रिफिलिंग का आरोप लगाया जा रहा है। इस मामले में दो दिन पहले यशपाल ने दीपक आदि के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है। इसी मुकदमे के विवाद में बृहस्पतिवार रात यशपाल व दीपक पक्ष में फिर मारपीट हो गई । आरोप है कि दीपक पक्ष ने यशपाल पक्ष के साथ मारपीट की और महिलाओं से अभद्रता तक कर दी। सूचना पर इलाका पुलिस पहुंची तो इलाका पुलिस से भी अभद्रता कर दी। इसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इसी बीच खबर पाकर आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इमरान राजा आदि यशपाल के समर्थन में थाने पहुंच गए। जहां उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान इमरान राजा को भी पुलिस ने बैठा लिया। इस बात पर आप कार्यकर्ता और ज्यादा भड़क गए और जमकर नारेबाजी हंगामा शुरू कर दिया। पहले तो इंस्पेक्टर उन्हें काफी देर तक समझाते रहे। बाद में सूचना पर सीओ भी



पहुंच गए और जैसे तैसे आप कार्यकर्ताओं को समझा कर शांत किया। इस मामले में घनश्याम की ओर से एक और तहरीर दीपक पक्ष के खिलाफ गई है, जिसमें मारपीट के अलावा परिवार की महिलाओं से अभद्रता का भी आरोप है। सीओ तृतीय अशोक कुमार सिंह के अनुसार मामले में मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल सभी को समझा कर भेज दिया है ,बाकी जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर महासचिव मनीष शर्मा, उपाध्यक्ष तरुण आर्य विनोद पांडेय, अवधेश यादव, मोनिका थापर, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विधायक पीयूष रंजन पर छात्रा ने लगाया यौन शोषण का आरोप : घटना का ऑडियो वायरल

प्रयागराज ब्यूरो : शहर की एक ब्यूटीशियन ने करछना के भाजपा के विधायक पीयूष रंजन निषाद पर दिल्ली के एक होटल में जबरन शराब पिलाकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर छात्रा की ओर से लिखा गया शिकायती पत्र और मान–मनौव्वल का ऑडियो वायरल होने के बाद विधायक को बृहस्पतिवार की देर रात सफाई देने के लिए आगे आना पड़ा। विधायक ने इसे विरोधियों की साजिश करार दिया है। नैनी की रहने वाली ब्यूटीशियन ने शोषण का शिकायती पत्र सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इसके बाद भाजपा विधायक और उनके दोस्त की मान मनौव्वल के तीन ऑडियो भी वायरल हुए हैं। इसमें ब्यूटीशियन का आरोप है कि नौ महीने पहले 17 अगस्त 2022 को वह मेकअप कोर्स के लिए लखनऊ गई थी। फीस अधिक होने की वजह से दाखिला लेने में दिक्कतें आने लगीं। आर्थिक परेशानी को जब उसने अपनी एक सहेली से साझा किया तब उसने करछना के विधायक पीयूष रंजन निषाद से उसकी बात कराई। पार्लर खुलवाने के नाम पर किया शोषण पांच सितंबर–2022 की रात 9:30 बजे पीयूष रंजन ने अपने ड्राइवर रहीम को लखनऊ में ही उसे लेने के लिए भेजा और अपने आवास बटलर कॉलोनी बुलवा लिया। वह वहां अकेले थे। उन्होंने पूरी सहायता करने और पार्लर खुलवाने का भरोसा दिया। 12 सितंबर–2022 की सुबह विधायक ने 60 हजार रुपये फीस देकर एक एकेडमी में उसका दाखिला करवा दिया। मेकअप का सामान भी खरीदवा दिया। कबीर मार्ग पर एक अपार्टमेंट में फ्लैट किराये पर दिलाया। विधायक भी वहां मिलने आया करते थे। दिवाली पर जब अपने घर प्रयागराज आई, तब विधायक उसे अपने साथ लखनऊ ले गए। रात को थका बताकर उन्होंने अपने पैर



दबवाए। नौकर शुभम से खाना मंगाया। इस दौरान कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और फिर उसका शारीरिक शोषण किया। विरोध पर धमकाने लगे। फ्लाइट से दिल्ली ले जाकर किया दुष्कर्म इसके बाद उन्होंने उसे मेकअप की डिग्री दिलाकर फ्लैट खाली करा लिया। फिर मेकअप का आगे का कोर्स कराने के लिए दिल्ली ले जाने की बात करने लगे। दोबारा विधायक ने अपने साथ फ्लाइट से दिल्ली ले गए। वहां एक फाइव स्टार होटल में ठहराकर फिर दुष्कर्म किया। लखनऊ पुलिस को संबोधित शिकायती पत्र में युवती ने विधायक की कॉल डिटेल निकलवाकर कार्रवाई की मांग की है। एक घंटे बाद विधायक को बताया अच्छा आदमी शिकायती पत्र वायरल होने के घंटे भर बाद ही युवती की ओर से एक शपथ पत्र जारी किया गया, जिसमें उसने विधायक को अच्छा आदमी बताया। कहा, उनसे मेरा कोई विवाद नहीं है। यह बहुत पुराना मामला है। 2017 में भी इस तरह की बात मेरे खिलाफ उछाली जा चुकी है। छात्रा ने शपथ पत्र देकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। यह उनके विरोधियों की चाल है। उनके राजनीतिक कॅरिअर को बर्बाद करने की साजिश रची गई है।

– पीयूष रंजन निषाद, विधायक करछना

## रामस्तुति पर भरतनाट्यम नृत्य की हुई मनमोहन प्रस्तुति

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। का.सु. साकेत महाविद्यालय में चल रहे 'युवा महोत्सव 2023' के अन्तिम दिन सांस्कृतिक संध्या– 'साकेत अभिव्यंजना' का भव्य आयोजन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि उ.प्र. उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य प्रो. विनोद कुमार सिंह थे। महाविद्यालय प्रबन्धतन्त्र के अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा, मन्त्री आनन्द सिंहल और प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। महाविद्यालय गीत के पश्चात प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। प्राचार्य डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में सांस्कृतिक परिषद के सदस्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि रामचरितमानस एक सरोवर है जो सभी को सुलभ है। जिसमें संत की वाणी भरी हुई है। यह प्रत्येक मनुष्य के साथ सदैव रहता है। जिसमें प्रत्येक मनुष्य उसमें गोता लगा सकता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के इस वर्ष के युवा महोत्सव का विषय अवधा के रंग–साकेत के संग' पर छात्र–छात्राओं द्वारा रामस्तुति पर भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति की, अहिल्या उद्धार पर आधारित नृत्य नाटिका, नृत्य के रूप में मंचित केवट प्रसंग, निराला की रचना 'राम की शक्ति पूजा' की पंक्तियों पर नृत्य, बेगम हजरत महल के स्वतंत्रता संग्राम संघर्ष की कहानी पर आधारित नाटिका अवध की महक परी व फरुवाही नृत्य का मंचन बहुत ही सराहनीय रहा। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा ने रामचरितमानस प्रत्येक मनुष्य को जीवन जीने कला सिखाता है। साथ ही श्रीभरत जी के त्याग का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री भरत जी का चरित्र सर्वस्व त्याग की प्रेरणा देता है। साथ ही महाविद्यालय से सम्बन्धित स्मृतियों को याद किया और कुछ देशभक्ति गीत भी गाये। सांस्कृतिक परिषद के सदस्यों ने प्राचार्य और अतिथियों को बुके देकर सम्मान किया। सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों का प्राचार्य, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और मन्त्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में अतिथि के तौर पर इंडियन आइडल–13 के विजेता अवध की शान के ऋषि सिंह के पिता राजेंद्र सिंह एवं महाविद्यालय के पुरातन छात्र और जनपद के व्यवसाई पवन वाणी की उपस्थिति विशेष रही। समारोह में महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता डॉ. अनिल सिंह, डॉ. बी.डी. द्विवेदी, प्रो योगेंद्र त्रिपाठी, कैप्टन डॉ० मनीष सिंह, प्रो प्रीति सिंह प्रो प्रणय त्रिपाठी, प्रो शिव कुमार तिवारी, प्रो वन्दना जायसवाल, प्रो. अनुराग मिश्र, प्रो. कविता सिंह, प्रो. सरोज,प्रो राम अवतार ,डॉ. उमापति, डा श्रीमती पूनम जोशी, डॉ. विजय राठौर, डॉ. कृष्ण कुमार पाल, डा सरला शुक्ला, डॉ. नीलम, डॉ. शशि सिंह, डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ. ऋचा पाठक, डॉ. बुशरा खघतून, डॉ. छाया, डॉ. रीता सिंह, डॉ. रीमा सोनकर, डा जन्मेजय, डॉ. अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि अतिथियों ने इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की।यह कार्यक्रम अवध के रंग साकेत के संग के रूप में शत प्रतिशतता को प्रदर्शित करता है। जिसमें राम स्तुति को भरतनाट्यम के रूप में प्रस्तुत करना ,अहिल्या उद्धार को नृत्य नाटिका के रूप में ,केवट प्रसंग लोकनृत्य के रूप में ,राम की शक्ति पूजा नृत्य नाटिका , फरुवाही लोकनृत्य व होली नृत्य के द्वारा रामचरितमानस के विविध आयामों को एक निश्चित समय में, सरलता व मनमोहकता के साथ मंच पर प्रस्तुति बहुत ही सराहनीय रही। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन प्रबंध समिति के मंत्री आनंद सिंघल ने किया। साथ ही कार्यक्रम का संचालन प्रो आशुतोष सिंह व संस्कृति परिषद की अध्यक्षा डॉ. कुमुद सिंह ने किया।

## 18 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज : विद्युत विभाग ने वसूले 3 लाख 22 हजार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। हाई लॉस फीडर अभियान के तहत मुख्य अभियंता अयोध्या के निर्देश पर मिल्कीपुर उपकेंद्र के अंतर्गत बल्दीराय फीडर के 23 गांवों में एक साथ मीटर सेक्शन टीम, विजिलेंस टीम एवं उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित सिहं व उपखंड अधिकारी कुमारगंज संतोष कुमार ने विद्युत कर्मियों की संयुक्त टीम के साथ मेगा चेकिंग अभियान चलाया । जिसमें उपभोक्ताओं को मीटर रीडर द्वारा सही बिल सही समय पर दिए जा रहे है या नही की जांच कराई गई, उपभोक्ताओं की मीटर संबंधी समस्याओं पर तत्काल मीटर विभाग की टीम द्वारा 75 मीटर भी स्थापित कराए गए तथा उपभोक्ताओं को बिल की सही जानकारी मैसेज के माध्यम से प्राप्त होती रहे इसके लिए स्थल पर ही 527 केवाईसी भी अपडेट कराया गया। बकायेदार उपभोक्ताओं को बिल जमा करने हेतु प्रेरित किया गया तथा बिजली बिल समय पर न जमा करने वाले राजेश कुमार, धर्मराज, शिव बरन यादव, राम प्रताप, जागेश्वर सिंह सहित 35 उपभोक्ताओं पर धारा 138 बी के तहत कार्यवाही की गई। अधिशासी अभियंता एस एन यादव ने बताया कि 2 दर्जन से अधिक गांवो में अभियान के तहत बिना कनेक्शन बिजली उपभोग करने वाले 18 लोगों पर धारा 135 की प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई 5 प्रकरण स्टोर रीडिंग के भी पाए गए जिसमें बिलिंग एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही ही करते हुए। मेगा अभियान के तहत 3 लाख 22 हजार की राजस्व वसूली भी कराई गई ।

## नगर पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कुमारगंज–अयोध्या प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की आरक्षण सूची जारी होने के बाद से ही राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है , इसी कड़ी में आज शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत कुमारगंज में अपनी चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए ब्लाक अध्यक्ष तेजबली पाण्डेय की अध्यक्षता में वार्ड नं.6 अमावांछीटन में एक बैठक की। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सभी वार्डों के प्रत्याशी चयन पर विस्तृत चर्चा हुई और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए। उम्मीदवारों के आवेदन के लिए पार्टी ने अंतिम तिथि भी निर्धारित करते हुए 15 अप्रैल तक समय दिया है। बैठक को संबोधित करते चुनाव प्रभारी दिनेश कुमार शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और चेयरमैन समेत सभी वार्डों में जीत का परचम लहरायेगी। वहीं युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय ने कहा कि पार्टी जल्द ही हर वार्डों में जनसमपर्क अभियान चलाएगी और बीजेपी की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेगी। इस दौरान बैठक में जिला उपाध्यक्ष अम्बरीष पाण्डेय, राहुल तिवारी, बघौड़ा सहकारी समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, संतोष तिवारी, शिव चंद तिवारी अल्पसंख्यक विभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद याकूब कुंवर प्रतीक सिंह 'पीयूष' समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में 9 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा आर्थोपेडिक क्लब सिंपोजियम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में आर्थोपेडिक क्लब 9 अप्रैल को सिंपोजियम आयोजित किया जाएगा, जो सिविल लाइन के एक होटल में आयोजन होगा, पैदाइशी जन्मजात पैरों के टेढ़ापन को ठीक करने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की जाएंगी, इलाज के लिए क्रमिक प्लास्टर लगाकर पैर को धीरे–धीरे सीधा करने से लेकर ऑपरेशन तक की है विभिन्न विधियां, इन विधियों में से है जेस फिक्सेटर इलाज का एक प्रमुख तरीका, इस विधि में पैर में फिक्सेटर मशीन लगाया जाता है जिसमें किसी प्रकार का चीरे टांके का नहीं होता प्रयोग, बच्चे के मां–बाप को उस मशीन को कसना सिखाया जाता है, घर पर ही वह करते हैं फिक्सेटर, पैर सीधा होने पर मशीन को निकाल दिया जाता है और फिर धीरे–धीरे बच्चा स्वस्थ हो जाता है, कार्यक्रम में भाषण देने के लिए गोरखपुर के वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ रामअवतार अग्रवाल चिकित्सकों बताएंगे, कुछ बच्चों के पैर में प्लास्टर लगाकर दिखाएंगे, मुंबई के प्रसिद्ध विशेषज्ञ आर्थो सर्जन डॉ राम प्रभु, मेरठ से डॉ. लोकेश मराठा, दिल्ली से डॉ संदीप कुमार मौजूद रहेंगे, आसपास के जिलों से अंबेडकरनगर गोंडा बहराइच बस्ती बलरामपुर ,सुल्तानपुर रायबरेली, प्रतापगढ़ लखनऊ व प्रयागराज से लगभग 50 चिकित्सक मौजूद रहेंगे, जनपद के वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉ एसएम द्विवेदी, डा अतुल वर्मा, डॉ आशीष श्रीवास्तव व अन्य डाक्टरों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है।

## आग लगने से हजारों की संपत्ति जली : झुलसने से तीस बकरियों की मौत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। –बीकापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा असरेवा मजरे जानकी पांडे का पुरवा तेलियानी में अज्ञात कारणों से पशुओं के बाड़े में भीषण आग लग गई, जिसमें जिंदा 30 बकरियों की जलकर मौत हो गई।देखते ही देखते आग ने भीषण रुप ले लिया, जिसमे पारस नाथ पुत्र राम प्रसाद का चार आवासीय छप्पर सहित भूसैले में रखा अनाज व कृष्णा पुत्र राम प्रसाद का भी तीन आवासीय छप्पर 2 बकरियों सहित सम्पूर्ण गृहस्थी जबकि शिवलाल पुत्र रोंघे विश्वनाथ पुत्र राम प्रसाद की सम्पूर्ण गृहस्थी व श्री नाथ पुत्र राम प्रसाद का एक छप्पर व संजय पाण्डेय पुत्र बासुदेव का एक छप्पर जिसमे रखी सीमेंट और पहनने वाले कपड़े में रखे कालोनी बनवाने के लिए निकाले गए 60 हजार रूपए जलकर राख हो गए। सूचना पर दमकल गाड़ी के साथ पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा पड़ोसियों के कई घर भी इसकी चपेट में आ जाता। इस घटना के बाद अग्नि पीड़ितों का परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।लेखपाल अनंतराम यादव ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड के कर्मियों की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।तहसील प्रशासन के निर्देशानुसार कोटेदार दूधनाथ द्वारा तत्काल राशन उपलब्ध कराया गया और ग्राम प्रधान सूर्यभान यादव "पिंकू" द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया।

## विद्यार्थियों के प्लेसमेंट व ट्रेनिंग हेतु किया गया एमओयू

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं लुलु मॉल, लखनऊ उत्तर प्रदेश के मध्य छात्रों के प्लेसमेंट, ट्रेनिंग, स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप को लेकर एम.ओ.यू. किया गया। शुक्रवार को लखनऊ में अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व लुलु मॉल के सीईओ जयकुमार गंगाधरन के मध्य अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू से विश्वविद्यालय के एमबीए, बीबीए, बीसीए के छात्रों को कारपोरेट क्षेत्र में स्थापित होने के साथ इंटर्नशिप, फाइनल जॉब प्लेसमेंट, ट्रेनिंग मिल सकेगी। दोनों के बीच तीन वर्ष के लिए अनुबंध किया गया है। इससे विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को प्लेसमेंट के साथ ट्रेनिंग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि लखनऊ के लुलु मॉल में विद्यार्थियों की बेहतरीन ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के लिए एमओयू किया गया है। इसके अतिरिक्त छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के साथ भविष्य को सुनहरा बनाना है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय को कम्पनी द्वारा पाठ्यक्रम को रोजगारन्मुखी बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही प्लेसमेंट के लिए ट्रेनिंग, वर्कशाप, सेमिनार का आयोजन भी होगा। मौके पर लुलु मॉल के सीईओ जयकुमार गंगाधरन ने बताया कि विश्वविद्यालय और लुलु मॉल के मध्य अनुबंध होने से रिटेल मैनेजमेंट के साथ अन्य क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। हर साल कम्पनी को ट्रेंड युवाओं की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में छात्रों को प्रबंधन, स्किल डेवलपमेंट के साथ प्लेसमेंट भी प्रदान किया जायेगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यह एमओयू से विश्वविद्यालय के छात्रों को रोजगार से जोड़ने की दिशा एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 जसवंत सिंह एवं लुलु मॉल के सेबतेन हुसैन, बिजु सुगथान,अंकित सक्सेना, प्रतीक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे कल आयेंगे अयोध्या : संत–महंतों से लेंगे आशीर्वाद

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे रविवार 9 अप्रैल को अयोध्या आ रहे हैं।उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार एकनाथ शिंदे तकरीबन 9 घंटे अयोध्या में रुकेंगे और संत–महंतों का आशीर्वाद लेंगे। गौरतलब है कि सीएम बनने के बाद वो पहली बार अयोध्या आ रहे है। सीएम एकनाथ शिंदे 9 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे रामकथा पार्क हेलीपैड पहुंचेंगे। 11:15 बजे एकनाथ शिंदे होटल पंचशील पहुंचेंगे, 11:45 पर होटल पंचशील से राम जन्मभूमि परिसर के लिए होंगे रवाना। एकनाथ शिंदे दोपहर 12:00 बजे भगवान रामलला की आरती में शामिल होंगे, इसके बाद सीएम शिंदे मंदिर निर्माण की प्रगति 1:30 बजे तक देखेंगे। एकनाथ शिंदे की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 2:30 बजे होटल पंचशील में होगी। जबकि शाम 3:30 बजे वे लक्ष्मण किला में आयोजित कार्यक्रम संत– महंतों से आशीर्वाद लेंगे । शाम 6:00 बजे एकनाथ शिंदे सरयू आरती स्थल पहुंचकर सरयू आरती में शामिल होंगे। महाराष्ट्र के सीएम शिंदे शाम 7:05 बजे सड़क मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन अब 50 हजार की हुई इनामी

प्रयागराज ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड में नामजद माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर इनाम की राथि बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। पहले पुलिस ने उसके खिलाफ 25 हजार रुपये का



इनाम घोषित किया था। तमाम दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने उस पर इनाम की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दिया है। बता दें कि 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले माफिया अतीक, उसके भाई अशरफ, पुत्रों सहित शाइस्ता पर भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद से ही वह फरार चल रही थी। कोर्ट से खारिज हो गई है अग्रिम जमानत याचिका शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत याचिका एमपीएमएलए कोर्ट से खारिज की जा चुकी है। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके बाद अब सरेंडर करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। शाइस्ता के बेटे असद पर पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। हत्याकांड का मुख्य आरोपी वही है। गोली चलाते उसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## भारतीय जनता पार्टी में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो रहा –तारिक मंसूर

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का कुलपति जैसा प्रतिष्ठित ओहदा संभालने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी नियुक्त हुए डा.तारिक मंसूर का मानना है कि पहले हमें तथ्य देखने चाहिए। तब किसी पर नकारात्मक या सकारात्मक टिप्पणी करनी चाहिए। बिना तथ्य जाने टीका टिप्पणी करना उचित नहीं हैं। भाजपा में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो रहा। ये आंकड़े गवाही दे रहे हैं। मैं खुद हमेशा सकारात्मक रवैये के साथ आगे बढ़ा हूं। यह बातें शुक्रवार को उन्होंने मैरिस रोड हफीज मंजिल स्थित अपने आवास पर अमर उजाला से विशेष बातचीत में सवालों के जवाब देते हुए कही। कुलपति रहते भाजपा के जिन लोगों के निशाने पर रहे, उनसे अब कैसे सामंजस्य बैठेगा ? इस सवाल पर डा.तारिक मंसूर ने कहा कि मैं हमेशा सकारात्मक रवैये वाला व्यक्ति रहा हूं। न किसी से विवाद था, न है और न रहेगा। किसने किस उद्देश्य से टीका–टिप्पणी की, ये मैं नहीं कह सकता। इतना जरूर है कि हर विवाद का हल बैठकर बातचीत से ही निकलता है। उन्होंने कहा कि एएमयू जैसे संस्थान से जुड़े लोग और अलीग बिरादरी पूरी में है। उन्हें भाजपा ने एमएलसी बनाया है। इसका सकारात्मक संदेश पूरी दुनिया में जाएगा। रहा सवाल किसी राजनीतिक दल पर टिप्पणी का, तो बस एक ही सवाल है कि सपा ने मुस्लिमों को आज तक दिया क्या है..? भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार ने क्या दिया है ? यह सभी जानते हैं। लोग पहले इसके तथ्य और आंकड़े देख लें। सभी को बिना भेदभाव के एक समान विकास योजनाओं का लाभ मिल रहा है। चाहे तीन वर्ष से राशन वितरण हो या गैस और शौचालय जैसी जरूरत हो। आवास योजना आदि सभी बिना भेदभाव के मिल रही हैं। क्योंकि संविधान सभी के लिए समान है और सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। रहा सवाल भविष्य का तो पार्टी की सिफारिश पर यह जिम्मेदारी मिली है। आगे जो जिम्मेदारी मिलेगी, उस पर काम करेंगे। वहीं पूर्व कुलपति ने इस बातचीत में अपने चिकित्सकीय जीवन से दूरी बनाने का ऐलान किया। बता दें कि डा.तारिक मंसूर मशहूर सर्जन भी हैं और उनकी पत्नी हामिदा तारिक बाल रोग विशेषज्ञ हैं। जरूरत देश में शिक्षक–पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण देने की डा.तारिक मंसूर बताते हैं



कि मैं चूंकि शिक्षा और स्वास्थ्य, दो क्षेत्रों से जुड़ा रहा हूं। इसलिए इन दोनों क्षेत्र की बातें सदन में रखेंगे। बोले.. मेरी अपनी कुछ योजनाएं हैं, जिन्हें सदन के समक्ष रखूंगा, क्योंकि शिक्षा व स्वास्थ्य दो ऐसे विषय हैं, जिनके लिए हर कोई अपने सपनों को मारकर उन्हें पूरा करता है। इन दिनों जरूरत देश में बच्चे पैदा होने के एक माह तक उन पर विशेष ध्यान देने की है, क्योंकि उनमें इस एक माह में तमाम बीमारियां लग जाती हैं। वह खुद बिल गेट्स फाउंडेशन के साथ जुड़कर 16–17 जनपदों में इस पर काम कर रहे थे। इसलिए जरूरी है पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाए। साथ में शिक्षा में सुधार के लिए हर स्तर के शिक्षक को रिफ्रेशर ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम की जरूरत है। अब कंप्यूटर, विज्ञान व तकनीक बदल रही है। इस प्रशिक्षण में क्षेत्रीय भाषा को शामिल करने की भी जरूरत है। पूर्व में नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बनी एक समिति में खुद सदस्य रहते यह सिफारिश की थी। इसी बात को आगे रखेंगे। पद्म सम्मान चयनित समिति के सदस्य रहे तारिक मंसूर तारिक मंसूर को भाजपा पिछले काफी समय से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देती आ रही है। इसी कड़ी में वह बीते वर्ष की पद्म सम्मान चयन, सिफारिश समिति के सदस्य भी रहे। वह बताते हैं कि देश के हर क्षेत्र से कुछ लोगों को इस समिति में शामिल किया जाता है। इस बार उन्हें रखा गया था। जिसकी दो बैठकों में ऑनलाइन शामिल हुए और तीसरी बैठक में गृह मंत्रालय में खुद मौजूद रहे। दोनों पद्म सम्मान समारोहों में भी उन्हें समिति सदस्य के नाते आमंत्रित किया गया और वे दूसरी पंक्ति में मौजूद रहे। इससे खुद अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे इन दिनों केंद्र सरकार व भाजपा के कितने करीब हैं।

## बंदी वैन ने एएमयू छात्र को दूर तक घसीटा : पहिये के नीचे आने से बुझा घर का चिराग : सिपाही निलंबित

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ महानगर के सासनी गेट क्षेत्र में आगरा रोड पर शुक्रवार दोपहर हाथरस पुलिस की बंदी वैन की टक्कर से शिक्षक दंपती के इकलौते बेटे व एएमयू छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वैन चालक गाड़ी सहित फरार हो गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान काफी दूर तक छात्र वैन से घिसटता गया था, जिसे देख लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। इधर, मामले में डीआईजी के संज्ञान के बाद हाथरस एसपी ने वैन चालक सिपाही को निलंबित कर दिया है और मामले में सासनी गेट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मूल रूप से पंचनगरी सासनी गेट निवासी आघात सिंह (19) अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। पिता ओमप्रकाश सिंह बिहारी लाल इंटर कालेज में शिक्षक हैं और मां अनीता देवी इगलास के बेसिक जूनियर स्कूल में शिक्षिका हैं। परिवार के अनुसार आघात शुक्रवार सुबह दस बजे स्कूटी का पंचर सही कराने आगरा रोड बिजलीघर के पास स्थित दुकान पर गया था। वह सड़क किनारे खड़ा था और मिस्त्री पंचर सही कर रहा था। इसी दौरान हाथरस की ओर से आई हाथरस पुलिस की बंदी वैन (बंदी सवार थे) के आगे केबिन में ड्राइवर के बगल वाली साइड में सवार सिपाही डंडे से लोगों को साइड कर रहा था और वैन चल रही थी। सिपाही का डंडा लगने से आघात गिर पड़ा और वैन के पिछले पहिये के नीचे आकर



काफी दूर तक घिसटता चला गया। इस दौरान शोरशराबे पर जैसे तैसे वैन को रोका गया। मगर बाद में वैन चालक वैन लेकर फरार हो गया। बाद में आघात को निजी अस्पताल में ले जाया गया। मगर मृत घोषित कर दिया गया। इस सूचना पर इलाका पुलिस व परिजन भी पहुंच गए। परिजनों में चीख पुकार मच गई। आघात दो बहनों के बीच इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर पर परिवार के सदस्यों को संभाल पाना मुश्किल हो रहा था। बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और तहरीर के आधार पर वैन के अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर सासनी गेट के अनुसार प्रकरण में हाथरस पुलिस को रिपोर्ट भेजी गई। मामले में डीआईजी ने भी संज्ञान लिया। इसके बाद एसपी हाथरस ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। इधर, मौत की खबर पर उसके एएमयू के साथी छात्र भी पोस्टमार्टम पर पहुंचे। डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने हाथरस पुलिस के सिपाही पर कार्रवाई की पुष्टि की है।

## लक्ष्मी धनगर बनीं सपा की जिलाध्यक्ष : लड़ चुकी हैं छर्रा से विधानसभा का चुनाव

अलीगढ़ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी की अलीगढ़ जिलाध्यक्ष अब लक्ष्मी धनगर होंगी। उन्हें सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। सपा जिलाध्यक्ष के इतिहास में पहली बार महिला को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर बाकी संगठनों की कार्यकारिणी भंग कर दी थी, तब जिलाध्यक्ष बनने की भागदौड़ शुरू हो गई थी। जिलाध्यक्ष के दावेदारों में पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश यादव, अशोक यादव, कुंवर बहादुर बघेल, राजेश यादव, मनोज यादव आदि नाम चल रहे थे। विजयगढ़ के गांव कुरहला के रहने वाले किसान विजेंद्र सिंह धनगर के घर 20 दिसंबर 1980 को जन्मीं लक्ष्मी धनगर ने टीकाराम कन्या महाविद्यालय से हिंदी विषय में मास्टर डिग्री ली थी। लक्ष्मी ने बताया कि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव बतौर निर्दलीय लड़ा। चुनाव में चौथे स्थान पर रहीं। 16 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष उन्होंने समाजवादी पार्टी में



शामिल हुईं। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में छर्रा विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के रूप में लक्ष्मी धनगर को 90 हजार वोट मिले थे। वह दूसरे स्थान रहीं। लक्ष्मी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। लक्ष्मी ने कहा कि वह अखिल भारतीय धनगर समाज महसंघ (महिला प्रकोष्ठ ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।